कोटद्वार,शुक्रवार
31 मई 2024
वर्ष: 46
अंक: 40 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### भीषण गर्मी के बीच बड़ी खुशखबरी, केरल पहुंचा मानसून

नईदिल्ली,सूरज के सितम से जूझ रहे देश को बड़ी राहत मिल गई है. भीषण गर्मी के बीच भारत में मॉनसून ने दस्तक दे दी है. ये दस्तक केरल में हुई है. अपने तय समय से दो दिन पहले मॉनसून ने केरल में एंट्री ले ली है. दरअसल देश में दो मॉनसून आते हैं एक साउथ वेस्ट यानि दक्षिण पश्चिम और दूसरा नॉर्थईस्ट यानी पूर्वोत्तर. खास बात यह है कि 2017 के बाद पहली बार देश में एक साथ दोनों मॉनसून एक ही दिन आ रहा है. देश के दक्षिण राज्य केरल में आखिरकार मॉनसून ने अपना आमद दर्ज करवा ली. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक केरल में मॉनसून अपने तय से समय से पहले ही आ गया है. प्रदेश के कई इलाकों में एक साथ झमाझम बारिश भी हो रही है. इस बारिश की वजह से लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली है.

आईएमडी के मुताबिक इस बार मॉनसून के दो दिन पहले आने की बड़ी वजह है चक्रवाती तूफान रेमल. इस तूफान की वजह से मॉनसून की गति भी बढ़ गई और यह अपने तय समय से 48 घंटे पहले ही केरल पहुंच गया. इसी तूफान के कारण पूर्वोत्तर में भी मॉनसून जल्दी पहुंचा और देश में दोनों मॉनसून एक साथ दस्तक दे रहे हैं. बता दें कि पूर्वोत्तर के भी कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है. सबसे ज्यादा बारिश मेघालय में हो रही है.मॉनसून की बात करें तो मुंबई में इसकी एंट्री 10 जून तक होने की संभावना मौसम विभाग की ओर से जताई गई है. जबकि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मॉनसून 27 जून तक दस्तक दे सकता है. इसी तरह दक्षिण राज्यों की बात करें तो बैंगलूरू में इसकी एंट्री 13 या 14 जून को हो सकती है. वहीं कर्नाटक में मॉनसून के पहुंचने का वक्त 6 जून बताया जा रहा है. पश्चिम बंगाल की बात करें तो यहां पर मॉनसून 10 जून से अपनी आमद दर्ज करा सकता है.

### उत्तर प्रदेश में गर्मी का कहर, लू की चपेट में आने से अब तक 51 लोगों की मौत

लखनऊ। उत्तर भारत के अधिकांश हिस्से में इनदिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है. गर्मी की आलम ये है कि अब इससे मौत होने की खबरें भी सामने आने लगी हैं. उत्तर प्रदेश में भी गर्मी तांडव मचा रही है.

रिपोर्ट के मुताबिक, बुंदेलखंड में लू की चपेट में आने से बुधवार को 31 लोगों की मौत हो गई. सबसे ज्यादा लोगों की जान महोबा में हुई. जहां आठ लोग लू लगने से काल के गाल में समा गए. इसके बाद हमीरपुर में सात तो चित्रकूट में 6 लोगों की मौत लू की चपेट में आने से हुई है. वहीं फतेहपुर में पांच, बांदा में तीन और जालौन में लोगों की मौत लू लगने से हुई है. बताया जा रहा है कि इनमें से ज्यादातर लोग किसी काम के चलते घर से बाहर निकले थे और रास्ते में अचेत होकर गिर गए. अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया.वहीं बहराइच में लू लगने से नानपारा और कैसरगंज इलाके में दो लोगों की मौत की खबर है. वहीं प्रयागराज में लू की चपेट में आने से एक दरोगा समेत चार लोगों की मौत हुई है. वहीं दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा में मेरठ के रहने वाले एक बुजुर्ग की लू लगने से मौत हो गई. इसके अलावा बलिया में एक महिला की जान गई है तो वहीं वाराणसी में छह, मिर्जापुर में तीन, आजमगढ़, जौनपुर और सोनभद्र में एक–एक की मौत लू की चपेट में आने से हुई है. ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इन सभी लोगों की मौत लू लगने से हुई है. हालांकि, मौत की पुष्टि के लिए सभी शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है. जिसेस मरने की सही वजह सामने आ सके.

### प्रवर्तन निदेशालय ने अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता को भेजा समन

कोलकाता, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को लोकप्रिय बंगाली फिल्म अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता को समन जारी कर पश्चिम बंगाल के करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले में पूछताछ के लिए बुलाया है।सूत्रों ने बताया कि अभिनेत्री को 5 जून को कोलकाता के उत्तर बाहरी इलाके में सॉल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में एजेंसी के कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

## मोदी ने जनता की भावनाओं के अनुरूप देश को आगे बढ़ाया: सीएम धामी



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी गुरुवार को शिमला में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सुरेश कश्यप के पत्र में आयोजित विजय संकल्प यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता की भावनाओं के अनुरूप देश को आगे बढ़ाया है। विपक्षी दलों को महज राज करने के लिए देश की सत्ता चाहिए। उन्होंने जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता से भाजपा को अपना अमूल्य मत देकर मोदी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करने की अपील की। इससे पूर्व मीडिया से बातचीत में धामी ने कांग्रेस की हिमाचल सरकार पर हमला बोला। कहा कि कांग्रेस के शासनकाल से जनता त्रस्त आ चुकी है। जनता इस बार कांग्रेस की तुष्टिकरण और देशविरोधी मानसिकता पर करार जबाव देते हुए आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए मोदी के हाथ मजबूत करेगी।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का 10 सालों का रिपोर्ट कार्ड भाजपा ने जनता के सामने रखा है। एक ओर भाजपा जहां सकारात्मक मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है तो दूसरी ओर कांग्रेस तुष्टिकरण के नाम पर वोट मांग रही है। कांग्रेस ने अपने संकल्प पत्र में एक वर्ग विशेष को लाभ पहुंचाने का उल्लेख किया है।

**विपक्ष का सत्ता में आना दूर की बात**

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भाजपा को नकारा विपक्ष मिला है। विपक्ष के लिए सत्ता में आना बहुत दूर की बात है, लेकिन एक विपक्ष का देश की तरक्की में क्या विजन होगा, उन्हें जनता के सामने प्रस्तुत करना चाहिए। विपक्ष के पास कोई विजन नहीं है। राहुल गांधी और उनके सहयोगी दलों के नेताओं को अपने परिवार से सभी चीज विरासत में मिली है। विपक्ष का बस चले तो देश के संसाधन और देश वासियों की संपत्ति छीन कर अपने खास वोट बैंक के चरणों में डाल दें।

### पुरोला में चलती कार के ऊपर गिरा पेड़, एक की मौत

उत्तरकाशी। मोरी से पुरोला की ओर आ रही एक कार पर गुरुवार दोपहर को आंधी–तूफान चलते अचानक दो भारी भरकम चीड़ के पेड़ गिर गए। हादसे में एक कार सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और घायल को बाहर निकाल सीएचसी पुरोला में उपचार के लिए भर्ती कराया। तहसीलदार मोरी जब्बर सिंह असवाल ने बताया कि गुरुवार को मोरी और पुरोला के डेरका से एक किमी पहले मोरी की ओर आंधी–तूफान से अचानक दो चीड़ के पेड़ टूट गए। इस दौरान एक पेड़ चलती कार के ऊपर गिर गया। जिससे कार सवार 26 वर्षीय आजाद पैन्यूली पुत्र संजय पैन्यूली निवासी ग्राम डेरिका पुरोला की मौके पर ही मौत हो गई, 25 वर्षीय विकास जोशी पुत्र खुशीराम जोशी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने गंभीर रूप से घायल को सीएचसी पुरोला में भर्ती कराया है।

## कैंची धाम आकर अभिभूत हूँ : उपराष्ट्रपति

**● बाबा श्री नीब करौरी महाराज के दर्शन कर एक नई अध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ है**



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़ ने गुरूवार को उत्तराखंड के नैनीताल जिले में श्री कैंची धाम में परम पूज्य बाबा श्री नीब करौरी महाराज के दर्शन किए और आश्रमवासियों के साथ समय व्यतीत किया। दर्शन के उपरांत उन्होंने कहा कि इस पवित्र जगह पर आकर मन में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना में बढ़ोतरी हुई है।

श्री कैंची धाम में 'महाराज जी' के दर्शन कर श्री धनखड़ ने कहा कि इस जगह आकर उन्हें धार्मिकता, उदात्तता और आध्यात्मिकता के संगम का आभास हुआ है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ये वो जगह है जहाँ ऐसे महापुरुष हुए हैं जिनके द्वारा निर्धारित उच्चतम सिद्धांत सभी के लिए अनुकरणीय हैं। भारत की उत्कृष्ट सांस्कृतिक विरासत की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ह्लभारत की 5000 साल की सांस्कृतिक विरासत दुनिया में बेमिसाल है और आज की वैश्विक समस्याओं के समाधान में भारतीय संस्कृति एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इससे पूर्व हल्द्वानी आगमन पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्ट जनरल (रि.) गुरमीत सिंह, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उनका स्वागत किया।

## सामाजिक मूल्यों को जीवित रखना एक पत्रकार का धर्म : भगत सिंह कोश्यारी



देहरादून। देवभूमि पत्रकार यूनियन (पंजी.) द्वारा आज पत्रकारिता दिवस एवं अभिनंदन समारोह मनाया गया। यह कार्यक्रम महावीर जैन कन्या पाठशाला, तिलक रोड, देहरादून में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भगत सिंह कोश्यारी (पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री), डॉ. सुधा पांडेय (पूर्व कुलपति), विशिष्ट अतिथि के रूप में रवि बिजरानिया (उप–निदेशक सूचना एवं लोक संपर्क विभाग) मौजूद रहे एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. देवेंद्र भसीन (वरिष्ठ पत्रकार) और योगेश भट्ट ( सूचना आयुक्त उत्तराखंड सरकार) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगत सिंह कोश्यारी ने मीडिया और पत्रकारिता के वर्तमान परिस्थितियों पर प्रकाश डाला और नारद मुनि जी को याद करते हुए कहा हमें निरंतर सामाजिक मूल्यों के लिए काम करना है और उन मूल्यों को जीवित रखना है, उन्होंने राजनीतिक और पत्रकारिता के के ऊपर भी प्रकाश डाला और कहां पत्रकारिता को एक मिशन के रूप में करना चाहिए और उसमें प्रोफेशनली हर रूप में परफेक्ट होते हुए एक पत्रकार को हमेशा अपडेटेड रहना चाहिए और समाज के कल्याण और जनहित के लिए कार्य करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व कुलपति एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुधा पांडे, उप निदेशक सूचना रवि बिजरानिया, पूर्व प्राचार्य एवम वरिष्ठ पत्रकार डॉ. देवेंद्र भसीन, सूचना आयुक्त, उत्तराखंड सूचना आयोग योगेश भट्ट आदि ने भी अपना वक्तव्य रखते हुए *"मीडिया पर हावी होती राजनेतिक आकांक्षाएं"* विषय पर प्रकाश डाला। इनके अतिरिक्त देवभूमि पत्रकार यूनियन के प्रदेश महासचिव डॉ.वी.डी.शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार हरीश मैखुरी, पत्रकार कुंवर राज अस्थाना आदि ने भी अपने–अपने विचार रखें। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारों को उनके द्वारा किए गए कार्य और समाज में किए गए योगदान को ध्यान में रखते हुए सम्मानित भी किया गया है जिसमें डा.एम.आर सकलानी, रजनीश त्रिवेदी, राज्यमंत्री विनोद उनियाल, राज्यमंत्री डा.देवेंद्र भसीन, मेघा गोयल, महेश रावत आदि शामिल रहे।

### भालू के हमले में व्यक्ति की मौत

उत्तरकाशी। भटवाड़ी ब्लॉक के रैथल गांव में भालू ने एक व्यक्ति पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने खोजबीन कर गुरुवार को युवक का शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।जानकारी के अनुसार गत बुधवार को रैथल गांव का अजय राणा जंगल में बकरी चुगाने गया था। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। गुरुवार सुबह परिजनों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। जिसके बाद ग्रामीणों और वन विभाग की टीम में जंगल में सर्च अभियान चलाकर पास की एक गुफा से उसका शव बरामद किया। वन क्षेत्राधिकारी टकनौर रूपमोहन नौटियाल ने बताया कि बकरी पालक अजय राणा की भालू के हमले में मौत हुई है। अजय राणा के शरीर पर जगह–जगह भालू के पंजे के निशान हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। वन विभाग की तरफ से पीड़ित परिवार को नियमनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

## मौसम ने बदली करवट, श्री बदरीनाथ और केदारनाथ में हुई बारिश



**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** श्री बद्रीनाथ तथा केदारनाथ धाम में कपाट खुलने के तीसरे हप्ते मौसम सामान्य रहने के बाद अब मौसम ने करवट बदल ली है।गुरूवार प्रातः से श्री बदरीनाथ धाम में मौसम बदल गया कुछ देर धूप आयी उसके बाद बादल छा गये। सुबह साढ़े दस बजे से हल्की बारिश शुरू हो गयी। फिर दोपहर में बारिश थम गयी। दोपहर तीन से बारिश तेज हो गयी। जिस कारण तीर्थयात्रियों ने छाते, रेनकोट पहन लिए। बदरीनाथ धाम में दूर चोटियों पर बर्फ गिरी है, लेकिन अभी बद्रीनाथ में बर्फ नहीं गिर रही है। जबकि श्री केदारनाथ में गुरूवार सुबह से बादल छाये रहे अपराह्न को श्री केदारनाथ धाम में भी मध्यम बारिश शुरू हो गयी। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बदरीनाथ धाम से बताया कि बारिश के बीच दोनों धामों में तीर्थयात्रियों का आगमन जारी है। श्री बदरीनाथ मंदिर तथा श्री केदारनाथ मंदिर में दर्शन सामान्य रूप से बराबर चल रहे है।



## संपादकीय

# नई सरकार पर नजरें

भारत में नई सरकार के गठन को लेकर 19 अप्रैल से शुरू हुए मतदान के बाद अब प्रक्रियाब आखिरी चरण में पहुंच गया है। सातवें और आखिरी चरण का चुनाव प्रचार खत्म हो गया। करीब 75 दिन चले चुनाव प्रचार पर रोकथाम के साथ ही सातवें चरण में 8 राज्यों की 57 सीटों पर एक जून को मतदान होगा। चार जून को चुनावों के नतीजे घोषित किए जाएंगे। 16 मार्च को चुनाव आयोग ने देश में लोकसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान किया था। अब तक 6 चरणों का चुनाव हो चुका है। छह चरणों में 486 सीटों पर चुनाव हो चुका है। सातवें एवं अंतिम चरण में आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश चंड़ीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों के लिये मतदान शनिवार को होगा। इस लोकसभा चुनाव में सरकार बनाने का सीधा संघर्ष एनडीए एवं इंडिया के बीच है और यह दोनों ही राजनीतिक दलों के गठबंधनों का एक समूह है। भारतीय जनता पार्टी जहां देश में राज करने की हैट्रिक बनाने की दिशा में खुद को आश्वस्त मान रही है और चुनावों से पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने सीअबकी बार 400 पार" का नारा देकर एक नई लहर बनाने की कोशिश की थी, तो वही इंडिया महागठबंधन मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए पूरी कोशिश में लगे हैं। हालांकि इस बार कई राज्यों में चुनाव का प्रतिशत उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा जिसका एक प्रमुख कारण भीषण गर्मी के दौरान चुनावों की तिथियां तय करना भी शामिल रहा। हालांकि उसके बावजूद जो आंकड़े मतदान प्रतिशत के सामने आए हैं उसके बाद किस गठबंधन की सरकार होगी इस पर भी राजनीतिक विश्लेषकों के अलग–अलग मत हैं। कुछ सर्वे कहते हैं कि एनडीए का घटक दल भारतीय जनता पार्टी इस बार 232 सीट से आगे बढ़ने वाली नहीं है तो वही कुछ सर्वे भाजपा को बहुमत के आंकड़े के आसपास पहुंचता हुआ भी बताते हैं। असली तस्वीर तो 4 जून को ही सामने आएगी जब पूरे देश में आंकड़ों के खेल के बीच नई सरकार के गठन का रास्ता साफ होगा। इस बार के चुनाव में एक प्रमुख बात जो देखने को मिली वह यह थी कि चुनावों के अलग–अलग चरणों में मुद्दे भी बदलते रहे। देश की राजनीति एवम चुनाव प्रचार इलेक्ट्रोल बॉन्ड से लेकर मंगलसूत्र और मुजरे जैसे बयानों तक आकर सिमट गई तो वहीं पूरे चुनाव प्रचार के दौरान आम जनहित से जुड़े जन मुद्दों को किसी भी दल द्वारा अधिक प्रमुखता से उजागर करते हुए नहीं देखा गया। रोजगार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे मुद्दे शायद अब चुनाव प्रचार के दौरान चटकारे लेकर नहीं सुने जाते लेकिन हकीकत यही है कि आम आदमी का जीवन स्तर एवं रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा इन कुछ बुनियादी मुद्दों के इर्द–गिर्द ही घूमता है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान ईवीएम मशीन की भूमिका पर भी सवाल उठे जिसका मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा लेकिन अधिक कुछ हाथ विपक्ष के हाथ नहीं लगा। हौसला मानना होगा चुनाव ड्यूटी में लगे उन सभी कर्मचारियों का जिन्होंने इस भीषण गर्मी के दौरान अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा के साथ अंजाम दिया साथ ही सुरक्षा बलों की भूमिका को तो कतई नकारा नहीं जा सकता। आम जनता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार तपती दोपहरी में भी मतदान प्रक्रिया में अपना हिस्सा लिया और अब देश एक नए युग की ओर प्रवेश करने जा रहा है जिसमें नई सरकार क्या स्वरूप लेकर जनता के बीच उभर कर सामने आएगी इस पर सब की नजर रहेगी। इतना जरूर है कि जनता भारत की नई सरकार से काफी उम्मीदें लगाई बैठी है खासतौर से देश में सिमट रहे रोजगार एवं काम धंधे को लेकर।

# भारत में आय की असमानता : जरूरत है बहुआयामी दृष्टिकोण की

—राम शर्मा

विश्व के आर्थिक जगत में इन दिनों आय असमानता व्यापक बहस का विषय है। न केवल विकासशील देशों में अपितु विकसित देशों में भी अमीरी और गरीबी के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। चीन और भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देशों में आर्थिक असमानता चिंताजनक स्तर पर है। पिछले कुछ दशकों में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास के बावजूद आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। भारत में आय असमानता की भयावहता को समझने के लिए कुछ आर्थिक आंकड़ों पर नजर डालने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय एनजीओ ऑक्सफेम की विश्व असमानता रिपोर्ट के अनुसार भारत की शीर्ष 1ः आबादी के पास देश की कुल सम्पत्ति का 73 प्रतिशत भाग है। इसी रिपोर्ट के अनुसार देश के 67 करोड़ भारतीयों (जो कि देश की आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं) की सम्पत्ति में मात्र 01 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार राष्ट्रीय आय का अनुपातहीन रूप से बड़ा भाग उच्च वर्ग के पास है, जबकि समाज के 50 प्रतिशत हिस्से के पास सामूहिक रूप से बहुत कम हिस्सा है। यह स्पष्ट विरोधाभास आय की विषमता को दर्शाता है। इसके अलावा विश्व बैंक की रिपोर्ट से भी पता चलता है कि भारत का गिनी गुणांक 0। 34 है, जो कि तुलनात्मक रूप से उच्च आय असमानता को दर्शाता है। यह गुणांक आय असमानता मापने का प्रमुख सूचकांक है। यह पिछले कुछ वर्षों में लगातार उच्च बना हुआ है। यह दर्शाता है कि धन वितरण अत्यधिक विषम बना हुआ है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी का एक बड़ा हिस्सा रहता है। लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और रोजगार के अवसरों की कमी जैसे कारकों के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आय की असमानता अधिक रहती है। भारत में बढ़ती आय असमानता के कई कारण है। इसमें पहला है शहर और गांवों में रोजगार के अवसरों की असमानता। आमतौर पर शहरी क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में रोजगार के अवसर अधिक है। काम के बदले मिलने वाले पारिश्रमिक में भी अंतर होता है। कृषि से होने वाली आय भी अल्प होती है। ऐसे में ग्रामीण और शहरी आबादी में आय की असमानता हो जाती है।

आय असमानता का दूसरा प्रमुख कारण शैक्षिक असमानताओं को माना जाता सकता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच कमाई की क्षमता निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालांकि सामाजिक– आर्थिक पृष्ठभूमि पर आधारित शैक्षिक अवसरों में असमानताएं आय असमानता को और बढ़ा देती हैं। संपन्न परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है, जिससे वे उच्च वेतन वाली नौकरियों की राह पर आगे बढ़ते हैं, जबकि वंचित पृष्ठभूमि के बच्चे अक्सर पीछे रह जाते हैं। तीसरा प्रमुख कारण लैंगिक असमानता है। भारत में लैंगिक असमानता एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनी हुई है, महिलाएं लगातार समान काम के लिए पुरुषों की तुलना में कम कमाती हैं। सामाजिक मानदंड, अवसरों की कमी और शिक्षा व कौशल विकास कार्यक्रमों तक सीमित पहुंच इस असमानता में योगदान करती है, जिससे महिलाओं के लिए आर्थिक नुकसान का चक्र कायम रहता है। चौथा प्रमुख कारण औपचारिक क्षेत्र का प्रभुत्व है। भारत के कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत है, जिसमें नौकरी की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और उचित वेतन का अभाव है। अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिक अक्सर शोषण के प्रति संवेदनशील होते हैं और उनके पास ऊपर की ओर गतिशीलता के सीमित अवसर होते हैं, जो आय असमानता में योगदान करते हैं। आय की इस असमानता से सामाजिक अशांति उत्पन्न होती है। समाज में असंतोष पैदा हो सकता है, जिससे सरकार और आर्थिक अभिजात वर्ग के प्रति नाराजगी और अविश्वास को बढ़ावा मिल सकता है। इसी प्रकार आर्थिक विषमता से स्वास्थ्य संबंधी असमानताएं हो जाती है। साथ ही साथ यह असमानता सामाजिक गतिशीलता को बाधित करती है, जिससे वंचित पृष्ठभूमि के व्यक्तियों के लिए अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार करना मुश्किल हो जाता है। अंततः अमीरी और गरीबी के बीच खाई बढ़ती ही जाती है।

आय असमानता से निपटने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। इसके लिए शिक्षा में निवेश की सबसे ज्यादा जरूरत है। शिक्षा को प्राथमिकता देना और सभी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा मिलना जरूरी है।

इसी प्रकार लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। शिक्षा हो, रोजगार हो या फिर वेतन का मामला पुरुषों और महिलाओं के बीच किसी प्रकार का भेद नहीं किया जाना चाहिए। सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा देना भी आय असमानता को दूर करता है। कमजोर आबादी को स्वास्थ्य देखभाल, आवास और खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। इन कार्यक्रमों को सबसे अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करने वाले लोगों के लिए सुरक्षा जाल प्रदान करने के लिए डिजाइन किया जाना चाहिए। अनौपचारिक क्षेत्र के औपचारिकीकरण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। सहायक नीतियों और प्रोत्साहनों के माध्यम से अनौपचारिक क्षेत्र के औपचारिकीकरण को बढ़ावा देने से काम करने की स्थिति में सुधार हो सकता है, उचित वेतन सुनिश्चित हो सकता है और श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा सकती है।

आय की विषमता दूर करने के लिए प्रगतिशील कराधान महत्वपूर्ण उपाय है। अमीरों पर आनुपातिक रूप से अधिक कर लगाने वाली प्रगतिशील कराधान नीतियों को लागू करने से धन के पुनर्वितरण और आय असमानता को कम करने में मदद मिल सकती है। प्रगतिशील करों से उत्पन्न राजस्व को इसमें पुनः निवेश किया जा सकता है सामाजिक कल्याण कार्यक्रम और बुनियादी ढांचे का विकास।

आय असमानता भारत के सामाजिक। आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा करती है और समावेशी विकास हासिल करने के प्रयासों को कमजोर करती है। इस मुद्दे के समाधान के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो शिक्षा तक असमान पहुंचए लिंग भेदभाव और अनौपचारिक क्षेत्र के प्रभुत्व जैसे मूल कारणों से निपट सके। न्यायसंगत नीतियों और निवेश को प्राथमिकता देकर भारत एक अधिक समावेशी और समृद्ध समाज को बढ़ावा दे सकता है जहां प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़ने का अवसर मिले।

# वैश्विक ऊंचाई पर भारतीय खिलौना कारोबार

डॉ। जयंतीलाल

व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा हालिया प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 2014–15 से 2022–23 के बीच तेज प्रगति की है। इस अवधि में निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई, जबकि आयात में 52 प्रतिशत तक की कमी आयी। इससे यह रेखांकित होता है कि ह्यमेक इन इंडियाह्न अभियान से भारत का खिलौना उद्योग वैश्विक ऊंचाई पर है। इस अभियान ने चीन को झटका देते हुए खिलौना निर्माण को भारत के लिए फायदे का सौदा साबित कर दिया है। चीन से खिलौनों की खरीदारी करने वाले कई देश अब भारत का रुख कर रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं हैं क्योंकि कोई एक दशक पहले खिलौनों की भारत से मुश्किल से ही किसी तरह की खरीद होती थी। इस समय हैस्ब्रो, मैटल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे खिलौने के वैश्विक ब्रांड आपूर्ति के लिए भारत पर अधिक निर्भर हैं। इटली की दिग्गज कंपनी ड्रीम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इंकास आदि भी अपना ध्यान चीन से हटाकर भारत पर केंद्रित कर रही हैं। पांच–छह वर्ष पहले तक भारत खिलौनों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था और 80 फीसदी से अधिक खिलौने चीन से आयात किये जाते थे। विभिन्न सर्वेक्षणों में लगातार कहा जा रहा था कि चीन से आयातित दो–तिहाई खिलौने असुरक्षित थे। उनमें सीसा, कैडमियम और बेरियम जैसे असुरक्षित तत्व पाये गये थे। भारतीय खिलौना उद्योग की बहुत कम समय में हासिल ऐसी सफलता की कभी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। भारत का खिलौना निर्यात पांच–छह वर्षों में तेजी से बढ़कर 2,600 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। भारत से अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, यूएइ, दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों को खिलौने निर्यात किये जा रहे हैं। इस समय भारतीय खिलौना उद्योग का कारोबार करीब 1। 5 अरब डॉलर का है, जो वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 0। 5 फीसदी मात्र है, पर जिस तरह इस उद्योग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उससे इसके इसी वर्ष तीन अरब डॉलर तक होने की संभावना है। इस बढ़ोतरी के कई कारण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार–बार देश के लोगों से स्वदेशी भारतीय खिलौने खरीदने, घरेलू डिजाइनिंग सुदृढ़ बनाने, भारत को खिलौनों के लिए एक वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की अपील की है। बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन–प्लस–वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने जैसे उपायों से खिलौना उद्योग में तेजी आयी है। बीआइएस ने घरेलू निर्माताओं को 1,200 से अधिक लाइसेंस और विदेशी निर्माताओं को 30 से अधिक लाइसेंस प्रदान किये हैं। सरकार के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग के लिए अधिक अनुकूल विनिर्माण परितंत्र बनाने में मदद मिली है। वर्ष 2014 से 2020 तक की अवधि में विनिर्माण इकाइयों की संख्या दोगुनी हो गयी, जबकि आयातित वस्तुओं पर निर्भरता 33 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत हो गयी। वर्तमान में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमइ) मंत्रालय 19 खिलौना उत्पादन केंद्रों की मदद कर रहा है तथा वस्त्र मंत्रालय 13 केंद्रों को डिजाइनिंग करने और जरूरी साधन मुहैया कराने में सहयोग कर रहा है। स्वदेशी खिलौनों को बढ़ावा देने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रचार पहल भी की गयी हैं, जिनमें इंडियन टॉय फेयर 2021, टॉयकैथॉन आदि शामिल हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने घटिया स्तर के खिलौनों के आयात पर अंकुश लगाने के लिए प्रत्येक आयात खेप का नमूना परीक्षण अनिवार्य कर दिया है। वर्ष 2014–15 के बाद से इस बार के अंतरिम बजट तक में लगातार सरकार ने खिलौना उद्योग के विकास के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहन और समर्थन देने की पहल की है।

# फिलिस्तीन को तीन यूरोपीय देशों के समर्थन के मायने

—महेश चन्द्र शर्मा

हाल ही यूरोपीय महाद्वीप के तीन देशों–नार्वे, आयरलैंड और स्पेन ने फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देने का फैसला किया, जो कि अपने आप में एक ऐतिहासिक घटना है। बताया जा रहा है कि इस पर 28 मई को औपचारिक मुहर लगा दी जाएगी। अब यह जाहिर होने लगा है कि फिलिस्तीन के मुद्दे पर अब दुनिया की सोच में बदलाव आ रहा है। ऐसे में इजरायल का नाराज होना स्वाभाविक है। लिहाजा उसने इसका कड़ा विरोध जताया है। इसके पीछे यह प्रमुख वजह रही है कि अब तक यह देश, इजरायल के करीबी मित्र रहे हैं। इजरायल ने इन देशों से अपने राजदूतों को बुला लिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इन देशों के राजदूतों को बुलाकर अपना विरोध जताया है।

इजरायली विदेश मंत्री इजरायल कैट्ज ने ट्विट कर कहा कि–ह्यमैं आयरलैंड और नॉर्वे को स्पष्ट संदेश भेज रहा हूं। इजरायल उन लोगों के आगे नहीं झुकेगा जो उसकी संप्रभुता को कमजोर कर रहे हैं। हम चुप नहीं बैठेंगे। इस फैसले से दुनिया में यह संदेश गया है कि आतंकवाद को इनाम मिलता है। दूसरी ओर फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने इसका स्वागत करते हुए अन्य देशों से भी ऐसे ही समर्थन देने की अपील की है। वहीं, हमास के एक वरिष्ठ नेता बारोम नईम ने इस फैसले को एक निर्णायक मोड़ बताते हुए कहा कि फिलिस्तीनी लोगों के कड़े प्रतिरोध की वजह से ही ऐसा हो पाया है। नार्वे के प्रधानमंत्री जानस गारस्तर के अनुसार–ह्यफिलिस्तीन देश को मान्यता देकर अरब क्षेत्र में शांति स्थापित हो सकती है। आयरलैंड के प्रधानमंत्री साइमन हैरिस ने कहा कि यह स्पेन और नॉर्वे के साथ उठाया गया कदम है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा–ह्यउनका देश 28 मई को फिलिस्तीन को देश के तौर पर मान्यता देगा। वे यह भी मानते हैं कि इससे इजरायल के साथ राजनयिक तनाव पैदा होने की आशंका है। यहां बता दें कि सत्ताईस देशों वाले यूरोपीय संघ के सात सदस्य देश ऐसे हैं जो आधिकारिक तौर पर पहले ही फिलिस्तीन को मान्यता देते हैं। इनमें पांच वे हैं जिन्होंने इस संघ में शामिल होने से पहले वर्ष 1988 में ही मान्यता देने की घोषणा कर दी थी, जैसे कि साइप्रस ने। वर्ष 2014 में स्वीडन ने मान्यता दी थी। वर्ष 1988 दौरान ही पूर्व चैकोस्लोवाकिया ने भी इसे मान्यता दी थी। लेकिन अब चेक गणराज्य के गठन के बाद उसका कहना है कि यह फैसला उस पर लागू नहीं होता। इसी तरह स्लोवाकिया ने भी अभी नहीं बताया है कि वह पूर्व मान्यता का हिस्सा है या नहीं। माल्टा और स्लोवेनिया का कहना है कि वे इसका अनुसरण कर सकते हैं। लेकिन किसी भी प्रमुख पश्चिमी शक्ति ने अभी ऐसे कोई संकेत नहीं दिए हैं। दरअसल, यूरोप के अनेक देश आज भी इजरायल के इतने बड़े समर्थक हैं कि उन्होंने अभी तक फिलिस्तीन को मान्यता नहीं दी है। कहीं न कहीं इन देशों का यह विश्वास रहा है कि एक न एक दिन फिलिस्तीन या गाजा की जमीन पर इजरायल का पूरा कब्जा हो जाएगा।

हालांकि अभी इस बात का अधिक महत्व भी नहीं, लेकिन तीन यूरोपीय देशों से मिली फिलिस्तीन को मान्यता किसी अहम उपलब्धि से कम भी नहीं है। इस सोच को भी अब बल मिलने लगा है कि फिलिस्तीन के संघर्ष को अब अंतरराष्ट्रीय वैधता मिल जानी चाहिए। हाल ही संयुक्त राष्ट्र महासभा और सुरक्षा परिषद की बैठकों में 143 देशों ने फिलिस्तीन की मान्यता के प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया है। धारणा यह भी है कि इस बदलाव को जमीनी स्तर पर लाने का बहुत कम प्रभाव पड़ेगा। फिलहाल शांति वार्ता भी रूकी हुई है। इजरायल की कट्टरपंथी सरकार भी फिलिस्तीनी राज्य के दर्जे के खिलाफ अपनी कमर कसे हुए है। इस बीच इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामर वेज–गिर ने अल–अक्सा मस्जिद परिसर का दौरा किया जिसे यहूदी अपना टेंपल कहते हैं। यह स्थल यहूदियों और मुस्लिमों के बीच सदैव विवाद की जड़ रहा है।इन तीन देशों की ओर से लिए फैसलों से उम्मीद जगने लगी है कि आने वाले समय में यह जमीनी स्तर पर उतरकर हकीकत के रूप में दिखाई देगा। सिर्फ यही नहीं, इस फैसले से यह भी तो संभव है कि इजरायल, रफाह पर सैन्य कार्यवाही के फैसले पर अब पुनर्विचार करे। ताकि युद्धग्रस्त क्षेत्र में नागरिकों को होने वाली संभावित भारी क्षति को रोका जा सके। प्रभावित क्षेत्र में अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए इजरायल अनुमति देने को प्रेरित हो जाए। ऐसी स्थितियां बनती हैं, तो उनका स्वागत इसलिए होना चाहिए कि इससे युद्ध से उपजी अशांति और अनिश्चितता का दौर थमेगा। पश्चिमी एशिया में शांति की उम्मीद जगेगी। आवश्यकता इस बात की अधिक है कि पिछले आठ माह से जारी इजरायल – हमास के युद्ध को रोका जाए। पश्चिम एशिया में जारी इस युद्ध में अब तक 36 हजार के करीब लोग मारे जा चुके हैं। 80 हजार के करीब घायल हुए हैं।

# पुकार—दिल से दिल तक में पहली बार निभा रही राजस्थानी किरदार : सायली सालुंखे

नए शो पुकार–दिल से दिल तक में एक्ट्रेस सायली सालुंखे वेदिका का किरदार निभा रही हैं। यह शो राजस्थान की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इस शो को लेकर एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने कभी भी राजस्थानी किरदार नहीं निभाया है। ऐसे में वह इस रोल के लिए और यहां की संस्कृति के बारे में जानने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। सायली शो में वेदिका नाम की लडक़ी की भूमिका निभा रही है, जो पेशे से वकील है और नौकरी की तलाश में है। सायली बातें कुछ अनकही सी में अपने काम के लिए जानी जाती हैं।



एक्ट्रेस ने कहा, मैंने पहले कभी भी राजस्थानी किरदार नहीं निभाया है। मैंने पहाड़ी, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी और साउथ इंडियन रोल निभाए हैं। मेरे लिए यह एक अलग भूमिका है। उन्होंने साझा किया, मैं अपने करियर को लेकर भाग्यशाली रही हूं कि मुझे हमेशा हर एक शो में अलग–अलग किरदार मिले, मैंने कभी भी एक ही तरह के किरदार नहीं दोहराए। कुछ लोग लैंग्वेज को लेकर चिंता में रहते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि आज बच्चे कई तरह की लैंग्वेज बोलते हुए बड़े हो रहे हैं। सायली ने कहा, इस किरदार के लिए मुझ पर भाषा को लेकर कोई दबाव नहीं था। उन्होंने आगे कहा, शो में लीड एक्टर उसे अपनी कंपनी में नौकरी देता है, लेकिन इसके पीछे उसका एक खास एजेंडा होता है। मेरा किरदार, वेदिका उसके जॉब के ऑफर को स्वीकार कर लेती है, और जैसा कि अक्सर डेली सोप में होता है और असल जिंदगी में भी होता है, जहां नफरत होती है, वहां प्यार भी होता है।

उन्होंने कहा, शुरुआत में, वेदिका और लीड एक्टर कुछ गलतफहमियों के चलते एक–दूसरे को नापसंद करते थे। मैं इस बारे में अब ज्यादा नहीं बताउंगी। यह एक मजेदार कहानी है जो सामने आने पर रोमांचक होगी। कहानी इस बात के इर्द–गिर्द घूमती है कि कौन सी चीज उन्हें एक साथ लाती है और क्या चीज उन्हें एक साथ काम करने के लिए मजबूर करती है।

## इस्लामिक स्टेट ने न्यूयॉर्क में भारत–पाकिस्तान क्रिकेट विश्व कप मैच को लेकर दी बड़ी धमकी

न्यूयॉर्क , आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अगले महीने न्यूयॉर्क में होने वाले भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप क्रिकेट मैच के खिलाफ एक धमकी जारी की है। इसके बाद यहां सुरक्षा बढ़ा दी गई है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि उन्होंने न्यूयॉर्क पुलिस को सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, जिसमें कानून प्रवर्तन की मौजूदगी बढ़ाना, निगरानी और गहन जांच प्रक्रिया शामिल है। न्यूयॉर्क शहर की सीमा पर स्थित नासाउ काउंटी के प्रमुख ब्रूस ब्लेकमैन ने कहा, हम हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम सभी सावधानियां बरत रहे हैं। उन्होंने कहा, हम हर धमकी को गंभीरता से लेते हैं। हर खतरे के लिए एक ही प्रक्रिया है। हम खतरों को कभी कम नहीं आंकते। हम अपने सभी सुरागों का पता लगाते हैं। इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन को आईएसआईएस के नाम से जाना जाता है। इसने ब्रिटिश चैट साइट पर क्रिकेट स्टेडियम की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसके ऊपर ड्रोन उड़ रहे थे, जिस पर भारत–पाकिस्तान मैच की तारीख 9/06/2024 लिखी हुई थी। पोस्ट का स्क्रीनशॉट एनबीसी न्यूयॉर्क टीवी की एक समाचार रिपोर्ट पर प्रसारित किया गया।

# इगा स्वियाटेक ने मैच अंक बचाकर नाओमी ओसाका को हराया

पेरिस, विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने निर्णायक सेट में 0–3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 5–3 के स्कोर पर मैच अंक बचाते हुए नाओमी ओसाका को हराकर बुधवार को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।दो चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेताओं के बीच मुकाबले में शीर्ष वरीय स्वियाटेक ने वापसी करते हुए स्कोर 5–5 से बराबर किया और कोर्ट फिलिप चैटरियर की छत के नीचे 7–6(1), 1–6, 7–5 से जीत हासिल की।स्टेडियम की छत पर बारिश की बूंदें गिर रही थीं और इसने अन्य कोर्ट पर मैचों में बाधा डाली। पोलैंड की स्वियाटेक को दूसरे राउंड के टेस्ट में पूर्व नंबर एक ओसाका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। अपनी बेटी के जन्म के बाद वापसी के पांचवें महीने में ओसाका ने स्वियाटेक के माथे पर पसीना ला दिया।

संघर्षपूर्ण और रोमांचक मैच, जो चैंपियनशिप फ़ाइनल होने का अहसास दे रहा था, में विश्व रैंकिंग में 134 वें नंबर की खिलाड़ी जापानी स्टार ओसाका ने 2019 जैसा प्रदर्शन किया, जब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था और विश्व में नंबर एक रैंकिंग हासिल की थी। लेकिन अंत में स्वियाटेक ने अपनी बची ऊर्जा का इस्तेमाल किया और विजेता बनीं।

यह स्वियाटेक की रौलां गैरो में लगातार 16वीं जीत है जो जस्टिन हेनिन के 2005–10 के बीच लगातार 24 मैच जीतने के बाद सर्वाधिक है। स्वियाटेक की यह इस वर्ष की लगातार 14वीं जीत है।

ओसाका ने ज्यादा अंक जीते, ज्यादा विनर्स लगाए और ज्यादा सर्विस ब्रेक हासिल किये लेकिन स्वियाटेक ने तब अंक हासिल किये जब ज्यादा जरूरत थी।

पहले दो सेट बांटने के बाद ओसाका ने निर्णायक सेट में 3–0 की बढ़त बनायी और 5–3 के स्कोर पर मैच के लिए सर्विस कर रही थीं। लेकिन 30–30 के स्कोर पर वह अपना फोरहैंड नेट में मार बैठीं और फिर बैकहैंड हवा में उछाल बैठीं। स्वियाटेक के दूसरे ब्रेक अंक पर ओसाका ने आसान बैकहैंड को बाहर मार दिया और मैच वापस सर्विस पर लौट आया।

ओसाका अंत में मैच समाप्त नहीं कर सकीं। ओसाका ने 5–5 के स्कोर पर सर्विस करते हुए कुछ थके हुए फोरहैंड लगाए और डबल फाल्ट कर स्वियाटेक को 6–5 की बढ़त दे दी।

# एक्ट्रेस कंगना शर्मा ने कराया बोल्ड फोटोशूट, एक्ट्रेस के किलर पोज देख फैंस हुए मतवाले



फिल्म ग्रेट ग्रांड मस्ती और उल्लू ऐप की वेबसीरीज मोनिका में लीड रोल निभा चुकीं एक्ट्रेस कंगना शर्मा अपने बोल्ड व सेक्सी अवतार के लिए जानी जाती हैं. कंगना सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. हाल ही में कंगना शर्मा ने बोल्ड फोटोशूट कराया है, जिसके वीडियो उन्होंन अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. कंगना ने ब्लैक नेटेड मोनोकिनी पहनी है लाइट मेकअप के साथ बाल खुले रखे हैं और एक से बढक़र एक सेक्सी पोज देते दिखाई दे रही हैं.बॉलीवुड डिवा कंगना शर्मा का अपने फिटनेस के पीछे छिपे राज को लेकर कहती हैं कि वह अच्छी और हेल्थी डाइट फॉलो करती हैं।

बता दें कि कंगना शर्मा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2012 में एक मॉडल के रूप में की थी।

## बॉक्स ऑफिस पर राजकुमार राव की श्रीकांत की हालत पस्त, लाखों में सिमटी दैनिक कमाई

राजकुमार राव, अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर जैसे सितारों से सजी फिल्म श्रीकांत को सिनेमाघरों में रिलीज का तीसरा सप्ताह चल रहा है और यह अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक कमाई कर रही है। हालांकि, अब रिलीज के 18वें दिन श्रीकांत की दैनिक कमाई लाखों में सिमट गई है।आइए जानते हैं इस फिल्म ने अपनी रिलीज के 18वें दिन यानी मंगलवार को बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, श्रीकांत ने रिलीज के 18वें 85 लाख करोड़ रुपये का कारोबार किया,

# प्रग्नानंदा ने कार्लसन को हराकर क्लासकिल शतरंज में रचा इतिहास

नई दिल्ली, भारत के स्टार शतरंज खिलाड़ी रमेशबाबू प्रग्नानंदा ने क्लासकिल शतरंज में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर नया इतिहास रच दिया है, उनकी इस जीत पर सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है। भारत के इस युवा खिलाड़ी ने नॉर्वे चेस 2024 के तीसरे दौर में सफेद मोहरों से खेलते हुए मैग्नस कार्लसन को हराया। 18 वर्षीय भारतीय ग्रैंडमास्टर ने कार्लसन के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर 5.5 अंकों के साथ लीडर पोजीशन हासिल की । कार्लसन और प्रग्नानंदा ने इस प्रारूप में अपने पिछले तीन मुकाबलों में ड्रॉ खेला था, जिनमें से दो विश्व कप 2023 फाइनल में थे।प्रग्नानंदा की विश्व में



नंबर 1 नॉर्वे के खिलाड़ी पर जीत के बाद, सोशल मीडिया पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। सोशल मीडिया एक्स पर एक प्रशंसक ने लिखा, भारत से नई वैश्विक सनसनी! एक अन्य यूजर ने लिखा, एक शानदार न्यूज के साथ एक अच्छी सुबह। भारत के 18 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी प्तप्रग्नानंदा ने क्लासिकल गेम में पहली बार विश्व में नंबर 1 प्तमैग्नस कार्लसन को हराने में कामयाबी हासिल की।

एक प्रशंसक ने एक्स पर पोस्ट किया, यह जीत वाकई खास है, कार्लसन को उनके घर में हराना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। एक अन्य ने एक्स पोस्ट में लिखा, यह वह प्रदर्शन है जो भारत को गौरवान्वित कर रहा है। वह एक चैंपियन है! प्रग्नानंदा को बहुत–बहुत बधाई! यह एक बड़ा मैच है जो उन्होंने मैग्नस कार्लसन के खिलाफ खेला और जीता। ञ्प्रग्नानंदा धन्यवाद। एक यूजर ने लिखा, आर प्रग्नानंदा आप शानदार हैं। निश्चित रूप से हमें एक अगला विश्वनाथन आनंद मिलने वाला है। यह प्रग्नानंदा के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, वह पिछले साल वर्ल्ड कप में मैग्नस कार्लसन से हार गए थे।

## एक नजर

### सीटू का स्थापना व किसान दिवस मनाया

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** सीटू से संबंधित विभिन्न ट्रेड यूनियनों ने गुरुवार को सीटू का स्थापना दिवस और किसान दिवस मनाया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई, बेराजगारी चरम है। आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी, आंगनबाड़ी, आशा, भोजनमाता कार्यकर्ताओं के नाम पर आमजन का शोषण जारी है। सीटू कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि 30 मई 1970 को कोलकत्ता में प्रथम सम्मेलन हुआ था। तब से सीटू मजदूरों की उचित मांगों को लेकर आंदोलन करता है। सीटू के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में सीटू के जिला महामंत्री देवानंद नौटियाल, टीका प्रसाद पोखरियाल, नीमा रावत, शिखा कोहली, भारती, सरिता, शिवप्रसाद रतूड़ी आदि शामिल थे।

### जयंती पर मखलोगा को दी श्रद्धाजंलि

नई टिहरी : प्रजा मंडल के समय में विधायक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. भाग सिंह मखलोगा की 101वीं जयंती पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। गुरुवार को यहां कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने युवाओं से उनके आदर्श जीवन में उतारने की अपील की। कहा कि स्व. मखलोगा और उनके साथियों ने श्रीदेव सुमन के साथ टिहरी राजशाही से जनता को मुक्ति दिलाने के लिए संघर्ष किया। प्रजा मंडल के विधायक रहने के साथ ही वह लंबे समय तक चंबा ब्लॉक के ग्राम चामनी के प्रधान और दो बार चंबा के ब्लॉक प्रमुख रहे। इस दौरान स्व. मखलोगा के पुत्र हरि सिंह मखलोगा को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष साब सिंह सजवाण, पूर्व पालिकाध्यक्ष पीयूष उनियाल, सूरज राणा, विक्रम पंवार, सुमना रमोला, पूर्व प्रमुख सोबन सिंह नेगी, अरविंद मोहन सकलानी, शक्ति प्रसाद जोशी, शिवी भंडारी, गीता खणका, उत्तम नेगी, विरेंद्र पुंडीर, बचन लाल, विजय सिंह नेगी, दौलत नेगी, मूर्ति मनोहर, जय विजय मखलोगा मौजूद थे। (एजेंसी)

### प्रवेश की अंतिम तिथि आज

रुद्रप्रयाग : राजकीय महाविद्यालय जखोली में शिक्षा सत्र 2024-25 के नव प्रवेशार्थियों के प्रवेश के लिए प्राचार्य की अध्यक्षता में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्र संघ ने सेवित क्षेत्र में घर-घर जाकर संपर्क कर महाविद्यालय से प्राप्त होने वाली सुविधाओं से अभिभावकों को अवगत कराया है। महाविद्यालय प्रवेश समिति के नोडल अधिकारी डा. देवेश चन्द्र ने सभी विद्यार्थियों को फैसिलिटेशन सेंटर द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया। प्राचार्य डा. माधुरी ने विद्यार्थियों को पंजीकरण से अवगत कराते हुए कहा कि 31 मई पंजीकरण की अंतिम तिथि है। प्रवेश समिति प्रभारी डॉ. भारती ने आसपास के क्षेत्रवासियों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि क्षेत्र के सभी इंटर पास विद्यार्थियों को बीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. दिलीप सिंह, सुमित बिजल्वाण, कुमारी सोनम, पूनम रावत और कैलाश बुटोला उपस्थित रहेंगे।

### राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी स्थानीय मुद्दों को लेकर लड़ेगी निकाय और विस चुनाव

नई टिहरी : राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी स्थानीय मुद्दों को लेकर आगामी निकाय और विधानसभा चुनाव लड़ेगी। जिसके तहत घनसाली विधानसभा में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा।

गुरुवार को घनसाली में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों ने उत्तराखंड के सरोकारों की अनदेखी कर यहां के लोगों के साथ छलावा किया है। जबकि यहां के मूल निवासियों को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया। पार्टी उत्तराखंड के जल, जंगल और जमीन के साथ ही रोजगार और यहां के युवाओं की लड़ाई जमीन पर लड़ रही है। उन्होंने आगामी निकाय चुनाव स्थानीय मुद्दों के आधार पर लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखी के उच्चीकरण, सीएचसी बेलेश्वर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, एलोपोथिक अस्पताल सेमली में चिकित्सकों की नियुक्ति, घनसाली में अधूरे पड़े बस अड्डे के निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने, उत्तरकाशी–चमियाला–तिलवाड़ा यात्रा मोटरमार्ग के चौड़ीकरण, घनसाली-चमियाला बाजारों में सुलभ शौचालय के निर्माण की मांग की।

# भीषण गर्मी में बिगड़ रहा मूड, चिड़चिडापन व अत्यधिक क्रोध जैसे भाव



● गर्मी में शरीर के साथ ही लोगों के मूड पर भी पड़ रहा नकारात्मक प्रभाव

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** गर्मी का पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। कोटद्वार शहर का पारा 42 डिग्री के पार पहुंच गया है। ऐसे में शरीर के साथ ही अब लोगों के मूड पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लंबे समय तक अत्यधिक गर्मी में रहने की वजह से चिड़चिडापन और अत्यधिक क्रोध जैसे भाव उत्पन्न होने लगे हैं।

पिछले एक सप्ताह से गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। एक ओर जहां पेट दर्द सहित आंखों से संबंधित समस्याएं सामने आ रही हैं। वहीं, गर्मी में लोगों का मूड भी प्रभावित हो रहा है। गर्मी के कारण कई लोगों में अत्यधिक चिड़चिडापन व क्रोध जैसे भाव उत्पन्न होने लगे हैं। ऐसे में बढ़ते तापमान से मानसिक स्वास्थ्य के खराब होना का खतरा बढ़ रहा है। चिड़चिड़ापन, आक्रामक व्यवहार और कभी-कभी ठीक से नहीं सोच पाना भी एक लक्षण है।

#### दिमाग पर प्रभाव

यदि कोई व्यक्ति अधिक तापमान में ज्यादा देर के लिए रहता है तो दिमाग को काफी नुकसान पहुंचता है। ज्यादा देर गर्मी में रहने से बचना चाहिए। दरअसल, उच्च रक्तचाप से पहले ही दिल पर दबाव पड़ता है। मोटापा होना भी खतरे की बड़ी वजह है, इससे शरीर अधिक गर्मी बरकरार रखता है। शोध में पाया कि यदि तापमान 35 डिग्री से अधिक हो जाता है तो लोग जोर-जोर से सांस लेने लगते हैं और उनकी हृदय गति बढ़ जाती है।

#### अत्यधिक कोल्ड ड्रिंक नुकसानदायक

शरीर को डिहाइड्रेशन से बचने के लिए कोल्ड ड्रिंक जैसे अधिक शुगर वाले पेय पदार्थ फायदे की वजह नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये पानी की कमी की मूल समस्या का समाधान नहीं करते हैं। साथ ही, इनमें ग्लूकोज सोडियम और पोटेशियम संतुलन की कमी होती है, इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से मान्यता प्राप्त ओआरएस का इस्तेमाल करें।

### भागवत श्रवण से मनुष्य का होता है कल्याण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भागवताचार्य नरेंद्र प्रसाद ने कहा कि भागवत श्रवण मात्र से ही मनुष्य का कल्याण हो जाता है। इस दौरान कथा में नंदबाबा की खुशी, पूतना वध की लीलाओं का वर्णन किया गया।

नजीबाबाद रोड स्थित एक बारात घर में कथा का वाचन करते हुए व्यास नरेंद्र प्रसाद ने कहा कि हमें जीवन देने वाले परमात्मा का सदैव स्मरण करना चाहिए। भगवत कथा मनुष्य के समस्त दुःखों को दूर कर देती है।

उन्होंने श्रद्धालुओं को भगवान के बाल रूप के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि हमें हर स्थिति में भगवान को याद रखना चाहिए। इस अवसर पर विजय कुमार माहेश्वरी, रुचिन माहेश्वरी, सचिन माहेश्वरी, शिल्पा नेगी, रेखा माहेश्वरी, सुनीता माहेश्वरी, नीलम माहेश्वरी, शिप्रा माहेश्वरी, गम्भीर सिंह नेगी, मंजु नेगी, प्रीति अग्रवाल, कान्ति चौधरी, अमित चौधरी, शशि चौधरी, अनीता रावत, गोपाल बंसल, अमित अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विमला रावत, बीरेन्द्र सिंह चौधरी, सुनीता चौधरी आदि मौजूद रहे।

# नवनिर्मित भवन से महाविद्यालय का संचालन नहीं होने पर रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जयहरीखाल के अंतर्गत खैरासैण में नवनिर्मित भवन में महाविद्यालय का संचालन नहीं होने पर बदलपुर विकास समिति ने रोष व्यक्त किया है।

कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा। जबकि, करोड़ों की लागत से भवन का निर्माण करवाया गया है।

समिति के अध्यक्ष मनोहर लाल खंतवाल की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि 3.06 करोड़ की लागत से खैरासैंण में महाविद्यालय भवन बनकर तैयार हो गया है। लेकिन, विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते महाविद्यालय अभी भी सतपुली में एक किराए के भवन पर संचालित हो रहा है। कहा कि क्षेत्र के कुछ लोग महाविद्यालय के स्थानांतरण में रोड़ा अटका रहे हैं।

कहा कि महाविद्यालय के भवन के लिए ग्रामीणों ने अपने काश्त की 40 नाली भूमि दान दी थी। महाविद्यालय के नए भवन को बने हुए एक वर्ष से भी अधिक समय हो गया है। लेकिन, अभी तक महाविद्यालय को नए भवन में स्थानातंरित न किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। समिति के लोगों ने शीघ्र ही नए नवनिर्मित भवन में महाविद्यालय को स्थानांतरित करने की मांग की है। मांगें न माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन भेजने वालों में कनिष्ठ प्रमुख अनुभा रावत, राजेंद्र सिंह रावत, सुरेंद्र सिंह, आलम सिंह शामिल रहे।

## दस दिन में गोखले मार्ग की व्यवस्था सुधारेगा व्यापार संघ



कोटद्वार नगर निगम में नगर आयुक्त के साथ वार्ता करते व्यापारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : व्यापर संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने नगर निगम को दस दिन के भीतर गोखले मार्ग की व्यवस्था में सुधार करने का आश्वासन दिया है। कहा कि व्यापार संघ खुद भी शहर में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना चाहता है। इसके लिए बकायदा वह शहर के व्यापारियों के साथ भी बैठक करेंगे।

गुरुवार को पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि व्यापार संघ का मुख्य उद्देश्य शहर में व्यापार व अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना है। इसके लिए वह प्रशासन व निगम को हर संभव सहयोग भी करेंगे। कहा कि गोखले मार्ग में अतिक्रमण की समस्या सबसे अधिक हैं। ऐसे में वह स्वयं इस स्थिति को सुधारने का प्रयास कर रहे हैं।

कहा कि मार्ग में किसी भी तरह की रेहड़ी-ठेली का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। साथ ही सड़क किनारे एक लाइन खींची जाएगी। यदि कोई भी उस लाइन के बाहर दुकान या फड़ लगाता है तो उसके खिलाफ निगम कार्रवाई कर सकता है। व्यवस्थाओं में सुधार के लिए व्यापार संघ ने निगम से दस दिन का समय भी मांगा है। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष भंजू भाटिया, विक्की गोयल, सुबोध कर्णवाल आदि मौजूद रहे।

# सिताबपुर, मानपुर, जौनपुर व शिवपुर में पेयजल किल्लत

### भीषण गर्मी में पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे वार्डवासी



कोटद्वार में पानी की तलाश में भटकते लोग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** लगातार चढ़ रहे पारे के बीच शहर में हो रही पेयजल किल्लत ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। निगम क्षेत्र के अंतर्गत सिताबपुर, मानपुर, जौनपुर व शिवपुर सहित अन्य क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से पेयजल संकट बना हुआ है। भीषण गर्मी के बीच लोग हाथों में खाली बर्तन पकड़कर पानी की तलाश में भटक रहे हैं।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में पेयजल संकट लगातार विकराल होता जा रहा है। बूढ़ी हो चुकी पेयजल लाइनों से अधिकांश घरों में पीने का पानी तक नहीं पहुंच पा रहा है। दरअसल, साठ के दशक में घर-घर जल पहुंचाने के लिए क्षेत्र में पेयजल लाइन बिछाई गई थी। उस समय क्षेत्र की जनसंख्या करीब दस से बीस हजार थी। लेकिन, समय के साथ जनसंख्या बढ़ती चली गई और आज भी पानी साठ के दशक में बिछाई गई पेयजल लाइनों से ही सप्लाई किया जा रहा है। नतीजा, बूढ़ी हो चुकी पेयजल लाइनों से घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जगह-जगह लीकेज हो रही पेयजल लाइनों से सड़कें तर हो रही हैं। कई घरों में पानी का फ्लो बहुत कम हो चुका है। इधर, सिताबपुर, मानपुर, जौनपुर व शिवपुर के कई घरों में पेयजल समस्या बनी हुई है। वार्डवासियों को भीषण गर्मी में पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। मौके पर जल संस्थान की ओर से पेयजल टैंक भी भेजा जा रहा है। लेकिन, उससे भी पर्याप्त जल नहीं मिल पा रहा।

# मनोयोग से प्राप्त करें ईवीएम व पोस्टल बैलेट का प्रशिक्षण : जिला निर्वाचन अधिकारी

### 4 जून को होने वाले मतगणना के लिए 846 कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** लोकसभा चुनाव-2024 के तहत आगामी 04 जून को होने वाले मतगणना के लिए प्रेक्षागृह पौड़ी में मास्टर ट्रेनरों द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतगणना कार्मिकों को ईवीएम व पोस्टल बैलेट की मतगणना के बारे में प्रशिक्षण दिया किया। 846 कार्मिकों ने प्रशिक्षण लिया। जिसमें ईवीएम के 436 व पोस्टल बैलेट के 410 कार्मिक शामिल थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि डाक मत पत्रों की मतगणना 8 बजे से शुरू की जाएगी। इसके 30 मिनट के पश्चात ईवीएम में प्राप्त मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने सभी कार्मिकों को कहा कि ईवीएम और पोस्टल बैलेट का प्रशिक्षण पूर्ण मनोयोग से प्राप्त करें, जिससे मतगणना के दिन किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।

कहा कि मतगणना संबंधी उपलब्ध कराए गए प्रारूप के समस्त कालम स्पष्ट शब्दों में साफ-साफ भरे जाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त मतगणना कार्मिकों को निर्देशित किया कि मतगणना के दिन सुबह 6 बजे अपने परिचय पत्र तथा ड्यूटी आदेश के साथ मतगणना स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी अवूर्पा पाण्डेय ने कहा कि मतगणना की प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए कार्मिकों का यह प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा कि मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण को गंभीरता से समझे, जिससे मतगणना के दिन परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों ने अपने प्रश्नों और शंकाओं का समाधान प्राप्त किया और उन्हें आगामी मतगणना के लिए पूरी तरह से तैयार किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ईवीएम दीपक रावत, पोस्टल बैलेट अमरेंद्र चौधरी सहित मतगणना कार्मिक उपस्थित थे।

## अस्पताल में अब 15 मिनट में मिलेगी डिजिटल एक्सरा की रिपोर्ट

**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली :** संयुक्त अस्पताल में अब मरीजों को एक्स-रे फिल्म के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा, मुश्किल से 15 मिनट में रिपोर्ट उनके हाथ में होगी। संयुक्त अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे की सुविधा शुरू हो गई है। इससे मरीजों को लाभ मिल रहा है। एक्स-रे रिपोर्ट मरीजों को 15 मिनट में मिल रही है। अस्पताल में पंचायत क्षेत्र समेत ग्रामीण क्षेत्रों से रोजाना बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। लेकिन अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे मशीन नहीं होने के कारण मरीजों को काफी दिक्कतें होती थी और प्राइवेट में एक्स-रे करवाना पड़ता था। जिससे आर्थिक नुकसान भी होता था। सतपुली अस्पताल में एक्स-रे की सुविधा शुरू हो जाने पर मरीजों की यह परेशानी भी अब दूर हो गई है।

## शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं मानसिक स्वास्थ्य कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य कल्याण विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार केंद्र पोषित सभी उच्च शिक्षण संस्थाओं में मानसिक स्वास्थ्य कल्याण विषय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने का प्रयास सराहनीय है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा। मुख्य अतिथि यूजीसी के संयुक्त सचिव डॉ. जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास है, विद्यार्थी मानसिक अवसाद, मानसिक तनाव से मुक्त रहे, यही शिक्षक का उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने इस आयोजन के लिए विवि को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रो. तोशेन्द्र द्विवेदी ने मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान दिया। दिल्ली विवि के वक्ता डॉ. उत्पल कुमार ने कहा कि विवि में शिक्षकों के लिए इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होने चाहिए, जिससे छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक भी मानासिक अवसाद से मुक्त रहेंगे। मौके पर प्रो. अजय गजानन नामदेव, प्रो. जेपी भट्ट, डॉ. अनुजा रावत, डॉ. मुकुल पंत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## प्रवेश परीक्षा स्थगित करने पर भड़के छात्र

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि ने एक जून को होने वाली एमएड, एमपीएड और बीएड प्रवेश परीक्षा स्थगित करने का नोटिफिकेशन निकाला, जिस पर छात्र भड़क उठे। आक्रोशित छात्र साढ़े दस बजे परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में वार्ता करने पहुंचे। इस दौरान छात्रों ने कहा कि एक जून को कई छात्रों की सेमेस्टर परीक्षा समाप्त होनी थी। साथ ही केंद्रीय विवि होने के चलते गढ़वाल विवि में देश भर के विभिन्न राज्यों के छात्र पढ़ते हैं। परीक्षा खत्म होने के बाद छात्रों ने घर जाने के लिए रेल का रिजर्वेशन करवाया था। (एजेंसी)

## अघोषित बिजली कटौती से आक्रोशित कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर नगर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल, सुरेंद्र सिंह चौहान, बिरेंद्र सिंह नेगी, भगत सिंह रावत ने कहा कि नगर क्षेत्र में लगातार अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। इन दिनों मौसम लगातार गर्म बना हुआ है। गर्मी में बिजली कटौती से स्थानीय जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेसियों ने कहा कि चारधाम यात्रा चल रही है। ऐसे में होटल, रेस्टोरेंट कारोबारियों और अन्य स्थानीय दुकानदारों पर बिजली कटौती के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिसके कारण उन्हें व्यापार में नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही बिजली कटौती से पानी का संकट होने से जनता को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। (एजेंसी)


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 42-DRM-MB-24-25 29.05.2024 | 44-DRM-MB-24-25 29.05.2024 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy repair to leaky roof of staff quarters, station building and Level crossing in the section of SSE/W/DDN under ADEN/HW. | Heavy repair to leaky roof of staff quarters, station building and Level crossing in the section of SSE/W/RK under ADEN/RK |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 27.06.2024 16:00 | 27.06.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | 74,78,460.26 | 74,99,965.91 |
| धरोहर राशि | 1,49,600.00 | 1,50,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 13.06.2024 | 13.06.2024 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 06 माह |

पत्रांक:- 74-W/2/3/WA/Publicationn दिनांक: 29.05.2024 1612/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



Affiliation No. ITI (DGET-6/33/9/2014-TC)

चन्द्रप्रभा

आई.टी.आई

NCVT – द्वारा मान्यता प्राप्त इलैक्ट्रीशियन ट्रेड

प्रवेश प्रारम्भ

पहले आओ – पहले पाओ सीमित सीटें।

100% Job PLACEMENT ASSISTANCE

6 महीन का फ्री कंप्यूटर कोर्स

*चंद्र प्रभा प्राइवेट ITI* में प्रवेश लेने वालों के लिए विशेष *OFFER*

- Free 6 माह का कम्प्यूटर कोर्स ।
- प्रतियोगी परीक्षाओं की Free कोचिंग ।
- सामान्य AutoCAD कोर्स का FREE प्रशिक्षण ।
- उत्तराखंड के छात्र छात्राओं के लिए शुल्क में विशेष छूट ।
- 10वीं पास विद्यार्थियो को 12वीं की तैयारियों में सहायता ।
- सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में अप्रेंटिस की सुविधा।
- Job प्लेसमेंट गारंटी सहित एक ही छत के नीचे कई अन्य सुविधाएं उपलब्ध ।

अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें

पता:– सत्तीचौड़, कोटद्वार – पौड़ी गढ़वाल

Mob:- 9759462406, 9759462406

# मतगणना हेतु तैनात किए गए कार्मिकों को प्रातः छह बजे देनी होगी उपस्थिति

### 4 जून 2024 को प्रातः आठ बजे से शुरू होगा मतगणना का कार्य



**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना 04 जून को संपन्न कराई जाएगी। मतगणना को निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती की अध्यक्षता में अगस्त्यमुनि पीजी कॉलेज में मतगणना हेतु तैनात किए गए कार्मिकों को व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। मतगणना को कुशलतापूर्वक संपादित कराने के लिए 38 मतगणना सुपरवाइजर, 40 मतगणना सहायक, 42 माइक्रो ऑब्जर्वर रिजर्व सहित तैनात किए गए हैं।

गुरुवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित कार्मिकों को कहा कि मतगणना का कार्य एक संवेदनशील एवं जिम्मेदारी की प्रक्रिया है। संयम एवं धैर्य से मतगणना का कार्य करें, इसमें किसी भी प्रकार की कोई जल्दबाजी न करें तथा गंभीरता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मतगणना हेतु दोनों विधानसभाओं में 14-14 टेबल लगाई जाएंगी तथा सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को मतगणना केंद्र में प्रातः छह बजे अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से देनी होगी। कहा कि मतगणना का कार्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रातः आठ बजे से शुरू किया जाएगा। कहा कि मतगणना केंद्र में मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित है, कोई भी अधिकारी-कर्मचारी एवं मतगणना अभिकर्ता मतगणना केंद्र में अपना मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे। सहायक रिटर्निंग अधिकारी/उप जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल ने मतगणना हेतु तैनात कार्मिकों से कहा कि सभी अधिकारी एवं कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलता के साथ करें। इस प्रक्रिया में घबराने की आवश्यकता नहीं है, उन्हें जो प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहो है, उसे गंभीरता के साथ प्राप्त करें ताकि गणना के समय किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न होने पाएं। किसी भी शंका एवं दुविधा को प्रशिक्षण के दौरान ही दूर कर लिया जाए। कहा कि मतगणना शुरू होने से पहले ईवीएम की सील को भली भांति चेक कर लें। कहा कि अभिकर्ता को मशीन में पड़े मतदान का अंकन ठीक ढंग से कर लें एवं मतगणना अभिकर्ता को भी अनिवार्य रूप से दिखाया जाए। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर लोकेंद्र सिंह बिष्ट, मास्टर ट्रेनर प्रेम सिंह रावत, राहुल पंत, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह बिष्ट, नोडल अधिकारी ईवीएम मीनल गुलाटी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दीप्ति चमोली, सहायक निर्वाचन अधिकारी धीरज कुमार सहित मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक, माइक्रो ऑब्जर्वर मौजूद रहे।

# सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कार्रवाई हो : जमीयत

देहरादून। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मुस्लिम सेवा संगठन एवं जमीयत उलेमा ए हिंद के पदाधिकारी गुरुवार को आईजी गढ़वाल करन सिंह नगन्याल से मिले। शहर काजी मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी के नेतृत्व में उन्होंने बताया कि कोटद्वार का एक शख्स सोशल मीडिया पर जिस तरह की चेतावनी धर्मग्रंथ को लेकर दे रहा है, वह बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने आईजी से मामले की जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

वहीं, दोनों संगठनों ने बुधवार को रुड़की के मामले को लेकर डीजीपी से मुलाकात की थी। संगठन ने इस मामले में रुड़की में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज करने पर पुलिस का आभार जताया है। मुलाकात करने वालों में जमीयत के जिला अध्यक्ष मुफ्ती रईस अहमद कासमी, मुस्लिम सेवा संगठन के संरक्षक एडवोकेट जावेद खान, उपाध्यक्ष आक़बि कुरैशी, शहर सेक्रेट्री खुर्शीद अहमद, मुफ्ती ताहिर कासमी, कारी अब्दुल समद, इंजिनियर सलीम शाह, हारून राव आदि मौजूद रहे।

**मुस्लिम जमात ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात ने धर्मग्रंथ की तौहीन करने के मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शाहबुद्दीन रिजवी, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सैय्यद अशरफ हुसैन कादरी, सचिव हाफिज नूर अहमद अजहरी ने कहा कि धर्मग्रंथ को लेकर जिस तरह की टिप्पणी की गई हैं, उससे पूरा समाज आहत और आक्रोशित है।

## एक नजर

### अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

नई टिहरी : चंबा के थानाध्यक्ष एलएस बुटोला ने बताया कि बुधवार देर शाम को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लक्ष्मण जोशी, निवासी ग्राम रंजा एयरपोर्ट चौकी इप्रका जिला नेपालगंज बाके नेपाल हाल निवासी दिखोल गांव चंबा को अंग्रेजी शराब के 83 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (एजेंसी)

### जंगल की आग की चपेट में आई स्कूटी, हुई राख

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक प्रधान संगठन अध्यक्ष दिनेश भजनियाल ने बताया कि रात में हुई आंधी तूफान के कारण जंगल में लगी आग की लकड़ी स्कूटर पर जा गिरी, जिस कारण स्कूटर में आग लग गई। जिसे लेकर चमियाला चौकी में रिर्पोट दर्ज कराई गई है। वहीं, पुलिस प्रशासन और वन विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। बीते तीन दिनों से बालगंगा रेंज के सरकंडा, केमारियासोड, सुनारगांव, वाड अणुवा में सैकड़ो हेक्टेयर वन भूमि आग की भेंट चढ़ गई।

### नियमितीकरण की मांग उठाई

देहरादून। गढ़वाल मंडल विकास निगम के कर्मचारियों ने गुरुवार को निगम के एमडी विनोद गिरि गोस्वामी से मिलकर नियमितीकरण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि निगम में 20– 25 साल से कार्यरत कर्मचारियों को जल्द नियमित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने अपनी अन्य मांगों का समाधान करने की भी मांग की। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री सुमित सिंघल के नेतृत्व में एमडी से मिले कर्मचारियों ने इस दौरान 11 सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा। उन्होंने कहा कि निगम के कर्मचारी लंबे समय से विषम परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। इसके बावजूद प्रबंधन उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि निगम में 20 से 25 सालों से कार्यरत कर्मचारियों को जल्द नियमित किया जाए। कर्मचारियों को प्रमोशन की सुविधा दी जाए। कर्मचारियों को एमएसीपी का लाभ दिया जाए। छटवें व सातवें वेतनमान का एरियर प्रदान किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने निगम में स्थानांतरण की स्थाई व्यवस्था बनाने सहित अन्य सभी मांगों पर कार्रवाई की मांग की। निगम के एमडी ने इस दौरान कर्मचारियों की मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनमोहन चौधरी, महामंत्री बीएन जुयाल, अजय कांत शर्मा, रणवीर रावत, वासुदेव थपलियाल सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

### लोनिवि कर्मियों ने खोला एचओडी के पुनः सेवा विस्तार के खिलाफ मोर्चा

देहरादून। लोनिवि कर्मचारियों की गुरुवार को यमुना कॉलोनी में बैठक हुई जिसमें विभाग के एचओडी को दुबारा सेवा विस्तार दिए जाने का विरोध किया गया। कर्मचारियों ने कहा कि विभागाध्यक्ष के पद पर एक ही इंजीनियर को बार बार सेवा विस्तार दिया जाना गलत है और इससे वरिष्ठ इंजीनियरों के मनोबल पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यमुना कॉलोनी स्थित मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान लोनिवि संयुक्त महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र बछेती ने कहा कि प्रमुख अभियंता को पूर्व में एक बार सेवा विस्तार दिया जा चुका है। ऐसे में अब फिर से उन्हें सेवा विस्तार दिया जाना गलत है। उन्होंने कहा कि विभाग में मुख्य अभियंता स्तर वन के तीन पद हैं, जबकि इसके सापेक्ष चार मुख्य अभियंता तैनात हैं। लेकिन इनमें से किसी एक को भी एचओडी के लायक नहीं समझा जा रहा। जबकि एक सेवा निवृत्त इंजीनियर को बार बार सेवा विस्तार देकर एचओडी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह वरिष्ठ इंजीनियरों का अपमान है और विभाग में इस तरह की परंपरा गलत है। उन्होंने इस दौरान मांग उठाई कि विभाग में नियमित प्रमुख अभियंता की तैनाती की जाए। साथ ही उन्होंने विभाग के अन्य तकनीकी और गैर तकनीकी संवर्ग में भी कर्मचारियों को सेवा विस्तार देने की मांग की।

### चोरी के स्कूटर के साथ युवक गिरफ्तार

देहरादून। पुलिस ने चोरी के स्कूटर के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर दिया गया है। पटेलनगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कमल कुमार लुंठी ने बताया कि बुधवार को रोहित कुमार निवासी महेश्वरी विहार चन्द्रबनी रोड सेवलाकला ने तहरीर दी थी कि 21 मई को उन्होंने अपना स्कूटर आईएसबीटी के समीप खड़ा किया था। जब वह वापस लौटा तो स्कूटर गायब मिला।

## मलिन बस्तियों के नोटिस निरस्त करवाने डीएम कार्यालय पहुंचे कांग्रेसी

देहरादून। मलिन बस्तियों को दिए ध्वस्तीकरण के नोटिस निरस्त करवाने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने गुरुवार को डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से राज्यपाल को भी ज्ञापन भेजा। कहा कि राज्यपाल इस मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर गरीबों को राहत दें। पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ही प्रभावित बस्ती के लोग नगर निगम परिसर में एकत्रित हुए। यहां से जुलूस के साथ डीएम कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए कूच किया। डीएम कार्यालय के बाहर भी प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की और प्रशासनिक अधिकारी को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि बस्ती में रहने वाले लोगों के घर धमका कर तोड़े जा रहे हैं। जो लोग सालों साल से यहां रह रहे हैं, आखिर उन्हें किस आधार पर हटाया जा रहा है। ध्वस्तीकरण को पहुंच रही टीम बिजली, पानी के बिलों को आधार मानने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि बस्तियों में सांसद, विधायक निधि से लेकर हर विभाग ने विकास कार्य किए हैं। ऐसे अब बस्तियों को कैसे अवैध ठहराया जा रहा है। उन्होंने 2016 में तय नीति के अनुसार मालिकाना हक दिए जाने की मांग की।

कांग्रेस प्रदेश महासचिव गोदावरी थापली ने नगर निगम और एमडीडीए की ओर से जारी ध्वस्तीकरण के नोटिसों की फिर से जांच की मांग की है। साथ ही कहा कि अगर यहां सरकारी बजट से विकास कार्य किए गए हैं तो फिर बस्तियां अवैध कैसे करार दी जा रही हैं। प्रदर्शन में महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, प्रकाश नेगी, दीप चौहान, जहांगीर खान, कुलदीप कोहली, दीप वोहरा, दीपा चौहान, इमराना प्रवीन, आशू रतूड़ी समेत बड़ी संख्या में प्रभावित शामिल हुए।

## धधक रहे सुरसिंगधार व रेसाड़ के जंगल

नई टिहरी : बीते मंगलवार तड़के बुडोगी, चवालखेत, भोनाबागी, जलेडी, ग्वाड़ के जंगलों में भीषण आग से वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा था। वहीं, वन विभाग के वन चेतना केंद्र स्थित ग्लास हाउस, अतिथि गृह का हिस्सा भी जलकर राख हो चुका है। बीते बुधवार को भी बुडोगी के आस-पास और छमुंड के जंगलों में पूरी तरह से आग धधकते रहे।

वहीं, बुधवार रात को सुरसिंगधार के जंगल तेज आग की चपेट में रहे। आग बुझाने के लिए फायर, स्थानीय प्रशासन और वन विभाग सहित कई स्वयंसेवी जुटे, लेकिन आग को काबू नहीं किया जा सका। आस-पास के जंगल पूरी तरह से आग की चपेट में आने के बाद ही शांत हुए हैं। (एजेंसी)

## श्री कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु, पूरा पंडाल जयकारों से गूंजा



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है।

विकासखंड कल्जीखाल के मनियारस्यूं पट्टी के ग्राम पाली में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के चौथे दिन गुरूवार को आचार्य सूर्य कांत बलूनी ने यह बात कही। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

विकासखंड कल्जीखाल के मनियारस्यूं पट्टी के ग्राम पाली में 94 साल के सेवानिवृत्ति प्रधानाध्यापक सत्ते सिंह नेगी द्वारा अपने पित्रों की मोक्ष प्राप्ति हेतु सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ हवन का आयोजन किया गया है। गुरूवार को कथा के चौथे दिन कथा वाचक आचार्य सूर्य कांत बलूनी ने भगवान कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। इस मौके पर पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी और उनकी पत्नी सीमा पोरी ने भी शिरकत की। उन्होंने व्यास पीठ को प्रणाम करते हुए कथा वाचक आचार्य सूर्य कांत बलूनी को अंग वस्त्र ओढ़कर सम्मानित किया। साथ ही 95 साल से मुख्य यजमान सत्ते सिंह नेगी को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। गुरूवार को कथा श्रवण करने नजदीक गांवों से भारी संख्या में श्रोता कथा स्थल पहुंचे। इस अवसर पर पंडित सुनील कवटियाल, विवेक थपलियाल, विजय नैथानी, यजमान प्रभुदयाल सिंह नेगी, चंद्रमोहन सिंह नेगी, धीरेंद्र सिंह रावत, विनोद रावत आदि मौजूद रहे।

## बद्रीनाथ धाम में वाहन चालकों को जल्द मिलेगी डॉरमेट्री की सुविधा




**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के अंतर्गत बद्रीनाथ धाम में वाहन चालकों के रात्रि विश्राम हेतु जल्द ही डोरमेट्री बनाई जाएगी। ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा बद्रीनाथ में प्रीफैब्रिकेटेड दो मंजिला डोरमेट्री निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है, जिसमें भूतल पर पार्किंग की सुविधा भी रहेगी। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद शीघ्र ही इसका निर्माण किया जाएगा।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बद्रीनाथ मास्टर प्लान के फसाड के अनुसार डोरमेट्री का डिजाइन तैयार करें। स्थानीय लोगों, टैक्सी यूनियन और स्टेकहोल्डर से सुझाव लेकर डोरमेट्री का पीपीपी मोड में संचालन की व्यवस्था भी की जाए। ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अला दिया ने बताया कि बद्रीनाथ यात्रा पर आए वाहन चालकों के रात्रि विश्राम हेतु दो मंजिला प्रीफैब्रिकेटेड डोरमेट्री निर्माण प्रस्तावित की गई है। जिसमें भूतल पर पार्किंग और पहले व दूसरे तल पर 240 बैड के साथ किचन की सुविधा और शौचालय, स्नानागार की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि शासन से स्वीकृति मिलने पर जल्द इस पर काम किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, ग्रामीण निर्माण विभाग के ईई अला दिया, सहायक अभियंता एलपी भट्ट मौजूद थे।

## क्रेडिट कार्ड से 75 हजार रुपये हड़पे

देहरादून। दून निवासी महिला का फोन हैक कर साइबर ठग ने उनके क्रेडिट कार्ड से 75 हजार रुपये का लेनदेन कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर कैलाश चंद्र भट्ट के अनुसार मंजू निवासी हरिद्वार रोड ने तहरीर दी कि चार मार्च को उन्हें एक व्यक्ति का कॉल आया था।

आरोपी ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया। उसने महिला से कुछ जानकारी मांगी और इसके बाद उनका फोन हैक हो गया। महिला का आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसके क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन 75 हजार रुपये का लेनदेन किया।

उन्होंने बताया कि चार मार्च को ही इस संबंध में उन्होंने नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर भी शिकातय दर्ज कराई थी। लेकिन अभी तक उनकी धनराशि वापस नहीं मिली है। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन



हरिद्वार। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऑल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन उत्तर-खण्ड द्वारा हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हरिद्वार के रानीपुर मोड स्थित फॉर्चून गंगा होटल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ऑल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बृजेन्द्र हर्ष व जिला अध्यक्ष प्रशांत शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुछ छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का ऑल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएसन के सभी पदाधिकारियों ने फूल–मालाएं पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे समाज सेवी डॉ. विशाल गर्ग ने कहा कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है तो वह अकारण नहीं है। उसने समय– समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक हितों की रक्षा के लिये बहुत काम किया है और इसके लिये बड़ी कीमत भी चुकाई है। हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाते समय हम सवालो से घिरे हैं और जबाव नदारत है। पंडित जुगुल किशोर शुकुल ने जब 30 मई 1826 को कोलकाता से उदंत मार्तण्ड की शुरूआत की तो अपने प्रथम संपादकीय में अपनी पत्रकारिता का उददेश्य लिखते हुए शीर्षक दिया हिन्दुस्तानियों के हित के हेत।

# गौरीकुंड उप स्वास्थ्य केंद्र से हटाया कब्जा, 10 हजार का जुर्माना वसूला



**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** श्री केदारनाथ धाम में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने को पहुंच रहे हैं। दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा एवं परेशानी न हो इसके लिए जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने स्वयं देर रात्रि को सोनप्रयाग से गौरीकुंड घोड़ा पड़ाव तक संबंधित अधिकारियों के साथ यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए स्थलीय निरीक्षण किया। यात्रा व्यवस्थाओं के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप स्वास्थ्य केंद्र गौरीकुंड का निरीक्षण करते हुए पाया कि स्वास्थ्य केंद्र में स्थानीय व्यापारी द्वारा अपना सामान रखा हुआ था जिसको जिलाधिकारी ने तत्काल हटवाते हुए संबंधित व्यापारी का 10 हजार का चालान भी करवाया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने यातायात, स्वच्छता, सफाई, पार्किंग, लाइन मैनेजमेंट, स्वास्थ्य सुविधा एवं घोड़ा-पड़ाव में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर नियमित स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। वहीं देर रात्रि स्वयं गौरी गांव में सुलभ इंटरनेशनल के पर्यावरण मित्रों के साथ सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए यात्रा मार्ग की व्यवस्था भी कराई गई। उन्होंने जिला युवा कल्याण अधिकारी को उप स्वास्थ्य केंद्र का कब्जा अपने पास लेने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान गौरीकुंड में यात्रा व्यवस्थाओं में तैनात तैनात पीआरडी जवानों से भी मिलकर उनका हालचाल जाना। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्ग एवं गौरीकुंड में तैनात पीआरडी के जवानों को रहने एवं खाने की कोई असुविधा न हो इसके लिए उन्होंने सभी पीआरडी जवानों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर सभी पीआरडी जवान उत्साहित दिखे और जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष सोनप्रयाग को निर्देश दिए हैं कि यातायात व्यवस्था को दुरस्त रखा जाए तथा वाहनों को अनावश्यक सड़क के किनारे खड़ा न होने दिया जाए एवं व्यवस्थित ढंग से पार्किंग स्थल पर ही पार्क किया जाए ताकि जाम की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ प्रातः 4 बजे तक यातायात सहित अन्य व्यवस्थाओं को भी सुदृढ करने के लिए मौके पर मौजूद रहे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष चंद्र घिल्डियाल, ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला, परियोजना निदेशक विमल कुमार, जिला युवा कल्याण अधिकारी वरद जोशी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बेरोजगार संघ ने की पुलिस कांस्टेबल भर्ती में उम्र सीमा बढ़ाने की मांग

देहरादून। उत्तराखंड बेरोजगार संघ ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती को लेकर गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में आईजी कार्मिक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए आयु सीमा में तीन साल की छूट देने, जून में फिजिकल ना करवाने और जल्द प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। संघ के उपाध्यक्ष राम कंडवाल ने कहा कि यूपी में कांस्टेबल भर्ती की आयु सीमा तीन साल बढ़ाई गई है। जबकि हिमाचल व कुछ अन्य नदियों में भी आयु सीमा बढ़ाई गई है। जबकि इन राज्यों में हर दो साल में भर्ती हो रही है। लेकिन उत्तराखंड में 2014 के बाद अब भर्तियां शुरू हुई हैं।

# लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण



**जयन्त प्रतिनिधि।चमोली :** लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए चमोली जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। मतगणना का कार्य 04 जून को सुबह 8:00 बजे से शुरू होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में गुरुवार को राइका गोपेश्वर में मतगणना के लिए नियुक्त सभी कार्मिकों को पहला प्रशिक्षण दिया गया। मतगणना कार्मिकों का दूसरा प्रशिक्षण तीन जून को होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम और बेहद महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने मतगणना कार्मिकों को बेहद गंभीरता, सतर्कता और सावधानी के साथ मतगणना कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि मतगणना कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही एवं जल्दबाजी न की जाए। मतगणना के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भी पूरी तरह से पालन करें। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होना हम सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कार्मिकों को पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण लेकर जिम्मेदारी के साथ मतगणना कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी/अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद भी किसी के मन में मतगणना से संबंधित कोई शंका हो तो निसंकोच होकर मास्टर ट्रेनर से संपर्क करते हुए उसका समाधान करें। ताकि मतगणना के दिन कोई भी समस्या न रहे। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्यों में जरा सी भी चूक से निर्वाचन प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इसलिए मतगणना में विशेष सावधानी बरती जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर परियोजना निदेशक आनंद सिंह, प्रवक्ता एपी डिमरी, मनोज तिवारी, जयदीप झिंक्वाण, दिगपाल रावत, खीम सिंह कंडारी, जयवीर रावत, अनिल नौटियाल एवं विनोद रावत ने राइका गोपेश्वर में मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक तथा माइक्रो आब्जर्वर को मतगणना कार्यों का सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें कंट्रोल यूनिट में पड़े वोट की गणना और वीवीपैट की पर्ची की गणना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, एआरओ बद्रीनाथ आरके पांडेय, एआरओ कर्णप्रयाग एसके पांडेय, एआरओ थराली अबरार अहमद भी मौजूद थे।

## बीमार और घायल यात्रियों की मदद कर रहे हैं सुरक्षा बल

देहरादून। श्री केदारनाथ धाम और यात्रा मार्ग पर ड्यूटी दे रहे सुरक्षा कर्मी बीमार एवं चोटिल यात्रियों को रेस्क्यू करने के साथ ही उपचार भी दिला रहे हैं। इसमें जिला आपदा प्रबंधन, यात्रा मैनेजमेंट फोर्स, पीआरडी जवान, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ ओर पुलिस की टीमें शामिल हैं। जिला प्रशासन के मुताबिक गत दिवस मध्य प्रदेश की यात्री 69 वर्ष की उर्मिला देवी का पैर फ्रैक्चर हो गया।

सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम ने पहले उन्हें विवेकानंद अस्पताल में उपचार दिलाया। बाद में हेलीपैड पहुंचा कर हेली से आगे रवाना कराया। वहीं तेलांगाना के यात्री डुंडा लाहरी भीमबली के समीप घोड़े से नीचे गिर गए थे, जिस पर डीडीआरएफ की रेस्क्यू टीम द्वारा उन्हें रूद्रप्रयाग पहुंचा कर उपचार दिया गया। यात्रा प्रारंभ होने से अब तक ओपीडी एवं इमरजेंसी के माध्यम से 46,335 श्रद्धालुओं का उपचार किया जा चुका है। इसके अलावा 2790 श्रद्धालुओं को ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वहीं आपात स्थिति के तहत 4024 श्रद्धालुओं का उपचार किया जा चुका है। जबकि अति आपातकाल जैसी स्थिति में अब तक 32 श्रद्धालुओं को विभिन्न क्षेत्रों से रेस्क्यू टीम गौरीकुंड तक रेस्क्यू कर एंबुलेंस के माध्यम से तथा 23 को हैली के माध्यम से हायर सेंटर रेफर किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एचसीएस मार्तोलिया ने बताया कि श्री केदारनाथ धाम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17001 श्रद्धालुओं की स्क्रीनिंग भी की जा चुकी है।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com